**शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के कक्षा कक्ष शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अपनाये गए नवाचार से सम्बंधित केस स्टडी**







**राजकीयकृत मध्य विधालय शिवगंज, डेहरी ऑन सोन, रोहतास, बिहार**

**सह-संकलनकर्ता:-**

1. सुजाता प्रसाद,
   नगर शिक्षिका
2. तनवीर अख्तर,
   नगर शिक्षक

**संकलनकर्ता:-**

संजय कुमार
प्रधानध्यापक
राजकीयकृत मध्य विधालय,
शिवगंज, डेहरी,रोहतास

मोबाइल नंबर:- 9430545807, 9801255681

**परिचय -:** सोन नद् के पश्चिमी तट पर अवस्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी की स्थापना सन 1930 में हुई। विद्यालय में पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं की बहुलता है। वर्तमान समय में 246 छात्र एवं 256 छात्रा कुल 502 नामांकित है।
विद्यालय शहर की घनी आबादी में अवस्थित है। विद्यालय अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरा करती है जैसे- छात्रों के बैठने की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन सभी कमरे मे उप्लव्ध है तथा सभी कक्ष विद्युत के प्रकाश से आच्छादित हैं। पेयजल के लिए दो चापाकल एवं समरसेबल के माध्यम से पाइप के द्वारा पीने के पॉइंट से लेकर शौचालय तक मौजूद है । बालक और बालिका के लिए अलग-अलग शौचालय तथा यूरिनल की व्यवस्था है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए भी एक शौचालय है। ***फर्स्ट एड के लिए कीट एवं बालिकाओं के लिए भी पैड बैंक है जिसकी जिम्मेवारी महिला शिक्षिका के द्वारा निभाई जाती है।***
विद्यालय में कंप्यूटर कक्ष भी है। समय-समय पर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती है परंतु कंप्यूटर टीचर के रूप में कोई शिक्षक कार्यरत नहीं है। यदि कंप्यूटर शिक्षक रहे तो नियमित रूप से कंप्यूटर की शिक्षा बच्चों को दी जा सकती है। विद्यालय का परिसर स्वच्छ, सुंदर एवम् सुसज्जित है।
वर्तमान में प्रधानाध्यापक, 6 महिला शिक्षिका और तीन पुरुष शिक्षक है। विद्यालय चहारदीवारी के अंदर है।

**चुनौतियां:-**जब मैं विभागीय प्रोन्नति के उपरांत 20 फरवरी 2014 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी में प्रधानाध्यापक के रूप में पदस्थापित हुआ तो मैंने देखा विद्यालय में बच्चों का ठहराव बहुत ही कम था। चुकी पिछड़े वर्गों की बहुलता होने के कारण अधिकांश बच्चों के माता-पिता दैनिक मजदूरी या छोटे-मोटे व्यवसायी के रूप में कार्य करते हैं। जिसकी वजह से विद्यालय में बच्चों का ठहराव नहीं हो पाता था और शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती थी । यहा तक कि खासकर जो छात्र पढ़ना चाहते थे वह भी उनके साथ चल पड़ते थे।

समाधान:-विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए एवं शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए अपने सहयोगी शिक्षक साथियों के साथ नवाचार का प्रयोग प्रारंभ किया गया । तथा इस क्रम में मेरे द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए।

**1. सर्वप्रथम वर्ग कक्ष का नामकरण महापुरुषों के नाम पर किया गया।**

| **क्रम संख्या** | **कक्षा** | **नामकरण** |
|---|---|---|
| 1 | I | नेहरू कक्ष |
| 2 | II | बापू कक्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | III | टैगोर कक्ष |
| 4 | IV | मदर टेरेसा कक्ष |
| 5 | V | कलाम कक्ष |
| 6 | VI | विवेकानंद कक्ष |
| 7 | VII | अम्बेडकर कक्ष |
| 8 | VIII | प्रियदर्शनी कक्ष |




**2. विद्यालय को रंग रोगन करा कर सुसज्जित बनाने का कार्य किया गया।**



3. जनप्रतिनिधि से संपर्क स्थापित कर उनके निधि से विद्यालय के लिए चहार दिवारी एवं विद्यालय के फर्श का पक्कीकरण किया गया। इस क्रम में माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद श्री अवधेश नारायण सिंह जी के द्वारा चारदीवारी का कार्य किया गया। एवं माननीय सदस्य बिहार विधानसभा श्री सत्यनारायण सिंह जी के द्वारा विद्यालय के फर्श का पक्कीकरण कराया गया।



**4. आकर्षक चेतना सत्र का संचालन ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं ड्रम के माध्यम से कराने का कार्य प्रारंभ किया, जिसमें बच्चे पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थना, संविधान की प्रस्तावना का वाचन, समाचार पत्र वाचन, आज का दिवस ज्ञान, राष्ट्रगान, आदि चेतना सत्र को आकर्षित बनाते हैं।**



**5. योगासन एवं पीटी:- छात्र छात्राओ के मानसिक एवम् शारिरिक विकास हेतु साप्ताहिक रुप से नामित शिक्षक द्वारा योगाभ्यास एवं पीटी कराया जाता है।**









**6. बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।**






दैनिक भास्कर सासाराम 02-11-2021

# स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत कीं आकर्षक झांकियां इक्को फ्रेंडली दीपावली मनाने का संकल्प

बच्चों ने झांकी के माध्यम से भगवान राम की भव्य स्वागत की तैयारी का दृश्य किया प्रस्तुत

सिटी रिपोर्टर | डेहरी सदर

दीपावली की पूर्व संध्या पर मध्य विद्यालय शिवगंज के छात्र छात्राओं ने भगवान श्री राम के लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटने एवं अयोध्या वासियों के द्वारा भगवान राम की भव्य स्वागत की तैयारी का दृश्य प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बच्चों को बताया कि रामायण का चरित्र नैतिक शिक्षा प्रदान करती है। भगवान श्री राम का व्यक्तित्व मर्यादा पुरुषोत्तम का है। दीपावली मनाने के पीछे लंकापति रावण का वध करने के पश्चात भगवान श्री राम के अयोध्या लौटने के क्रम में अयोध्या वासियों ने पूरी अयोध्या नगरी को सफाई, रंग रोगन एवं दीपों से सजा कर स्वागत किया था। इसी उपलक्ष में हम दीपावली त्योहार को मनाते हैं।

विद्यालय में झांकी प्रस्तुत करते बच्चे।

### इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का दिया संदेश

उन्होंने बताया कि आज के दिन हम दीप को जलाकर अपनी अज्ञानता रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी प्रकाश से जलाकर इस त्यौहार को मनाने का कार्य करते हैं। दीपावली स्वच्छता का भी हमें संदेश देती है कि हमें अपने घरों से लेकर आस पास पड़ोस के जगह की साफ- सफाई का पूरा ख्याल रखना चाहिए। विद्यालय के वरीय शिक्षक गोपाल जी प्रसाद ने बच्चों को इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए संदेश दिया तथा उन्होंने बताया कि दीपावली में पटाखे छोड़ने से कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण बढ़ जाती है। तेज ध्वनि और अत्याधिक धुआं देने वाले पटाखे नहीं छोड़नी चाहिए।

इस मौके पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी में भाग लेने वाले छात्रों में कक्षा 8 के उदय कांत ने राम, सूर्यकांत ने लक्ष्मण, कक्षा आठ की छात्रा अमृता कुमारी ने सीता एवं कक्षा 7 के छात्र मिलिंद कुमार ने हनुमान का अभिनय प्रस्तुत किया। राम का राज्याभिषेक के लिए ओम कुमार ने भारत की भूमिका निभाया। विद्यालय के वरीय शिक्षक गोपाल जी प्रसाद ने राजा जनक की भूमिका को निभाते हुए श्री राम को खड़ाऊ पहनाने का का कार्य किया। विद्यालय की शिक्षिका चंचला द्विवेदी, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, चिंतामणि कुमारी, नसरीन ने बच्चों को सजाने संवारने का कार्य किया। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में तथा शिक्षकों में एक नई ऊर्जा देखने को मिली।

औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com बिहार का अपना अखबार
सुरक्षित रहने के लिए जल्द लें वैक्सीन
वर्ष : 33, अंक : 61
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
27 जुलाई 2022
मूल्य : 3.00 रुपये
नवबिहार टाइम्स
अपना प्रदेश, अपनी बात

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को प्रकट करता है -कार्लाइल

# शहीदों के सम्मान में कारगिल विजय दिवस पर छात्रों ने बनाया पिरामिड



निज प्रतिनिधि

**डिहरी ऑन-सोन।** मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी के छात्रों ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पिरामिड बनाकर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह वीर सैनिकों ने अपनी अंतिम सांस तक भारत की आन बान और शान के लिए अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए सर्वस्व न्योछावर किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। हमें उन सैनिकों से प्रेरणा लेनी होगी और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना होगा। विजय दिवस के अवसर पर बच्चों में जोश एवं उत्साह देखा गया। पिरामिड में भाग लेने वाले छात्रों मिलिंद कुमार, नीरज कुमार, चंद्र प्रकाश साहनी, आयुष राज, गोल्डन कुमार, रोहित कुमार, कुणाल कुमार, पीयूष कुमार, हर्षित कुमार, अंकित कुमार, आनंद कुमार, निखिल कुमार, रजनीश कुमार एवं बाल संसद के प्रधानमंत्री विवेक चौधरी ने लिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक गोपाल जी प्रसाद, चंचला द्विवेदी, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, चिंतामणि कुमारी एवं विभा रानी उपस्थिति थीं।



**7. बच्चो के अधिगम प्रतिफल से अभिभावको को अवगत कराने तथा इनके विकास मे सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है।**




8. महापुरुषों की जयंती मनाई जाती है। इस क्रम मे महापुरुषों के जीवनी, उनके आद्रर्श से बच्चो को प्रेरित कर आदर्श नागरिक के रुप मे विकसित किया जाता है।






**9. विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन तत्परता के साथ किया जाता है। यथा- पोषण वाटिका, विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एवं खेलकूद का आयोजन आदि।**












10. बाल संसद एवं मीना मंच का गठन प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में कर लिया जाता है एवं बाल संसद मीना मंच को सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेवारी सिखाई जाती है और यह बच्चे सक्रियता दिखाते हैं।





शैक्षणिक सत्रः- 2022-23

# बाल संसद

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय, शिवगंज, डिहरी

| क्र0 सं0 | पदनाम/मंत्री | बाल संसद संगठन पदनाम | वर्ग |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानमंत्री | विवेक चौधरी | VIII |
| 2. | उप-प्रधानमंत्री | मनीषा कुमारी | VIII |
| 3. | स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री | हेमलता कुमारी | VII |
| 4. | उप स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री | हर्षित कुमार | VIII |
| 5. | जल एवं कृषि मंत्री | अंकित कुमार | VII |
| 6. | उप जल एवं कृषि मंत्री | बबली कुमारी | VI |
| 7. | शिक्षा मंत्री | रौशनी कुमारी | VIII |
| 8. | उप शिक्षा मंत्री | पियुष कुमार | VIII |
| 9. | पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री | सदाम कुमार | VI |
| 10. | उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री | वर्षा कुमारी | VIII |
| 11. | संस्कृतिक एवं खेल मंत्री | हिमांशु कुमार | VII |
| 12. | उप संस्कृतिक एवं खेल मंत्री | शीतल कुमारी | VIII |
| 13. | बाल सुरक्षा मंत्री | मनीष लाल | VIII |
| 14. | उप बाल सुरक्षा मंत्री | संजय कुमार | VI |

संयोजिकाः-
श्रीमती मोनू गुप्ता

समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

11. विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया जाता है तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रधानमंत्री पोषण योजना की समीक्षा एवं वार्षिक विद्यालय विकास कार्य योजना बनाने का कार्य किया जाता है





**12. बच्चो मे आपदा प्रबंधन के कौशल विकास हेतु प्रतेक शनिवार को "सुरक्षित शनिवार" एवं बच्चो को बस्ते के बोझ से मुक्त करने के उदेश्य से "बैगलेस शनिवार" के तहत वर्ग कक्षाओं का संचालन किया जाता है।**

दिनांक 23 जुलाई 2022 को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत छात्रों को बाढ़ से बचाव कौशल विकास एवं मॉक ड्रिल का आयोजन स्थानीय गोताखोर श्री राजेश चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में फोकल शिक्षिका श्रीमती मोनू गुप्ता तथा श्रीमती विभा रानी उपस्थित थी। मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी।





दैनिक भास्कर सासाराम 04-12-2022



कार्यक्रम • बच्चों को मौसमी बीमारी से बचाव के बताए गए उपाय

# पुलिस पदाधिकारियों संग स्कूली बच्चों ने किया सीधा संवाद, पूछे कई प्रश्न

भास्कर न्यूज़ | डेहरी सदर

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में दिसंबर माह के प्रथम शनिवार के मौके पर मौसमी बीमारी पर जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारियों से सीधा संवाद कार्यक्रम किया गया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती को भी मनाया। स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में भी विभागीय निर्देशानुसार "स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के साथ बच्चों के सीधे संवाद " के तहत पुलिस अधिकारी मनोज कुमार सिंह के साथ बच्चों द्वारा सीधा संवाद किया गया। पुलिस के प्रति बच्चों में पनप रही डर को संवाद के द्वारा खत्म करने के लिए पुलिस अधिकारी ने बच्चों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि स्वाध्याय, सुलेख व परिश्रम से ही सफलता मिलती है।

बच्चों से संवाद करते पुलिस अधिकारी

## सुलेख से बढ़कर कोई चित्र नहीं

उन्होंने कहा कि शॉर्टकट्स नहीं करें। सुलेख से बढ़कर कोई चित्र नहीं है। महान विभूति डॉ कलाम, देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद, थॉमस एडिसन, राइट बंधु आदि का उदाहरण देते हुए बताया कि निर्धनता या लाचारी कभी सफलता में बाधक नहीं हो सकती है। संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ उपयोग द्वारा हम सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार के तहत मौसमी बीमारी निमोनिया, सर्दी खांसी, जुकाम, आंखों एवं त्वचा के संक्रमण से बचने एवं सावधानी बरतने के उपाय शिक्षकों ने बच्चों को बताया गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर विद्यालयों में बच्चों को उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया व तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। बच्चों द्वारा बालश्रम, महिला सुरक्षा, पब्लिक पुलिसिंग, प्राथमिकी की प्रक्रिया आदि पर कई सवाल किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत और बच्चे मन के सच्चे गीत गाकर सुनाया। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह, शिक्षक तनवीर अख्तर, सिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**13.गतिविधि आधारित शिक्षण:-इसके तहत बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण देने का कार्य किया जाता है जैसे गीत, खेलकूद, संगीत के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने का कार्य किया जाता है। राज्य सरकार द्वरा निर्देशित चहक कार्यक्रम का भी संचालन नामित शिक्षक द्वरा काराया जाता है।**



14. जल जीवन और हरियाली कार्यक्रम:-विद्यालय में उपलब्ध भूमि पर बच्चों से जल जीवन हरियाली के माध्यम से भी शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इसमे पर्यावरण सरक्षण, वृक्षारोपण तथा हरित वातावरण के महत्व से बच्चे परिचित हो रहे है।





15. स्वच्छता:-विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए बाल संसद और मीना मंच के बीच से स्वच्छता दूत का चयन कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाता है। साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय में स्वच्छता दूत के बैनर लगाए गए हैं।




**16.:-प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली:-महत्वपूर्ण दिवस एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ छात्रों द्वारा प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकालने का कार्य किया जाता है जैसे-नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा बाल विवाह , स्वच्छता।**







17. अकादमिक और गैर अकादमिक कार्यों में उत्कृष्ट करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करने का कार्य किया जाता है इसके तहत गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वरीय पदाधिकारियों का विद्यालय में आगमन सुनिश्चित कर उन के माध्यम से बच्चों को पुरस्कृत करने का कार्य किया जाता है।





**18.:- कोविड-19 के नियमों का पालन:-वैश्विक आपदा कोविड-19 प्रधानाध्यापक सहित पूरे विद्यालय परिवार द्वारा कोविड  के नियमों का पालन तथा पोषक क्षेत्र के लोगों को बाल संसद एवं मीना मंच के साथ मिलकर इसके रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्यालय स्तर पर कोविड-19 के स्लोगन विद्यालय की दीवारों पर सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित तरीके से फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने का कार्य किया गया है।**









**19:-सतत एवं व्यापक मूल्यांकन:-**विद्यालय में स्वच्छ तथा कदाचार मुक्त वातावरण में छात्र छात्राओं का मासिक, अर्दवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन का कार्य किया जाता है जिससे बच्चों के अधिगम प्रतिफल के  आकलन की व्यवस्था सुगम होती है।




**20:-प्रगति पत्रक वितरण समारोह का आयोजन:-** माता-पिता एवं अभिभावकों के बीच उल्लास पूर्ण माहौल में प्रगति पत्रक  वितरण का कार्य कराया जाता है। ताकि माता पिता अपने बच्चों के अधिगम प्रतिफल की जानकारी प्राप्त कर सके।



**परिणाम:- प्रधानाध्यापक के अथक प्रयास एवं कुशल नेतृत्व के फलस्वरुप विद्यालय परिसर सुव्यवस्थित, सुसज्जित एवं आकर्षक बना तथा विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित हो पाया। इसके सुखद परिणाम निम्नवत् है-**

**1. छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति एवं ठहराव हो सका। एवं बच्चे प्रतिदिन सुवेश एवं परिचय पत्र धारण कर विद्यालय आते हैं।**




**2. अनुकूल शैक्षणिक परिवेश का निर्माण हुआ। जिसमें छात्र छात्रा भयमुक्त वातावरण में शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। बच्चो मे गतिविधि आधारित शिक्षण के प्रति रुचि तथा करके सीखने की प्रवृत्ति का विकास हुआ है।**



**3. मेरे द्वारा किए गए कार्यों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा समय-समय पर आवश्यक सहयोग एव्म् सहभागिता बढ़ रही है। इसका परिणाम है कि आज विद्यालय में स्थानीय विधायक एवं समाज के जागरूक समुदाय का सहयोग विद्यालय को प्राप्त हो पा रहा है।**



**4. छात्र छात्रा इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित हुये हैं।**

इंस्पायर अवार्ड मानक कंपटीशन में अपना रजिस्ट्रेशन कराने हेतु बच्चों को प्रेरित करने तथा वैज्ञानिक समझ विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड प्राप्त छात्र रितु कुमारी का बैनर विद्यालय परिसर में लगाकर बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया।



**5. राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति योजनाओं में बच्चों का चयन हो पता है। इस क्रम में लगातार 2017 से 2020 तक छात्रों ने इस परीक्षा में अपने सफलता से विद्यालय का नाम रौशन करने का कार्य किया है। विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।**

दैनिक भास्कर **सासाराम** 14-06-2020

# मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी के छात्रों ने परचम लहराया

## राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों ने पाई सफलता

**सिटी रिपोर्टर**|डेहरी सदर


राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में मध्य विद्यालय शिवगंज के छात्र-छात्राओं ने अच्छी सफलता अर्जित की है। राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित सभी छात्र छात्राओं को वर्ग 9 से 12 तक की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रति वर्ष 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाती है।

प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके लिए वर्ष 2017 में बच्चों को इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया और उचित मार्गदर्शन देने का कार्य किया गया। इस कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षकों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। वर्ष 2018 में विद्यालय के 3 छात्रों ने फॉर्म भरा था जिसमें एक छात्र शिवम सागर को सफलता प्राप्त हुई थी। लेकिन इस वर्ष 2019 में विद्यालय के 14 छात्रों में से 6 छात्र छात्राओं ने सफलता अर्जित कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं में अनुराग कुमार ,विशाल कुमार, शिव अनंत कुमार ,गुड़िया कुमारी, मुस्कान कुमारी, ज्योति कुमारी ने सफलता हासिल की है। छात्र छात्राओं की सफलता पर प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय परिवार तथा विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष ,सचिव तथा समिति सदस्यों ने सफल छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



छात्रवृति परीक्षा में सफल छात्रों के साथ शिक्षक।

6. विभागीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के लिए बच्चे चयनित होते हैं।



बिहार शिक्षा परियोजना, रोहतास सासाराम

नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता

23-11-2022

निबंध/ वाद-विवाद/ पेंटिंग

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री........कुमार सक्षम........

पिता/माता...श्री अजय कुमार........प्रारंभिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक मध्य विद्यालय शिवगंज,

वर्ग...VIII.........प्रखण्ड....डिहरी..........जिला- रोहतास में जिला स्तरीय 'नशा मुक्ति अभियान'

के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम निबंध/ वाद-विवाद/ पेंटिंग में सहभागिता दर्ज की है एवं ......चतुर्थ......

स्थान प्राप्त किया। इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाती है।

राघवेन्द्र प्रताप सिंह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(समग्र शिक्षा अभियान)
रोहतास, सासाराम

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

संजीव कुमार
जिला शिक्षा पदाधिकारी
रोहतास, सासाराम



7. प्रतिभाओं का सम्मान:-मेरे द्वारा विद्यालय में प्रतिभाओं का आकलन कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य बखूबी किया जाता है बच्चे भी इसमें सहयोग करते हैं।





8. कोविड-19 के नियमों का पालन:-छात्र छात्रा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं कोविड-19 के नियमों का पालन करते है। और इस कार्य में सरकार को सहयोग प्रदान भी करते हैं।



**भविष्य की योजनाएं**

लगातार अथक प्रयास से विद्यालय को पहचान दिलाने के उपरांत हमारी जो भविष्य की योजनाएं हैं वह इस प्रकार की है:-

1.मैं अपने सभी बच्चों को स्कूल डायरी उपलब्ध करा सकूं।

2. विज्ञान लैब के स्थापना की योजना।

3. विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बाहर से आने वाले बच्चों के लिए चार पहिया वाहन की व्यवस्था कराने की योजना।

4. विद्यालय की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की योजना।





**अप्प दीपो भवः**

**जय हिन्द**